## सार-समाचार

### योग शिक्षक सम्मानित

**ब्यावर** । हरिद्वार पतंजलि योग ठााम से मुख्य योग शिक्षक की शिक्षा ठाहण करके लौटे योग शिक्षकों का सम्मान एवं अभिनंदन रविवार को ब्यावर जिला एवं तहसील योग समिति द्वारा किया गया इसमें ब्यावर के लगभग सभी योग साधक एवं साधिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। संगीतकार सोहनलाल शर्मा ने श्री कृष्णा योग मंच एवं योग शिक्षकों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया जिसको सभी ने सराहा। मीडिया प्रभारी प्रवीण मंगल ने बताया कि भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के महामंत्री सुरेंद्र खंडेलवाल भारतेंदु श्रीमाली एडवोकेट नरपत सिंह रावत संरक्षक किशन लाल जांगिड़ की भी मौजूदगी रही। सुनील शर्मा, योगेश शर्मा, रमेश पालीवाल, नेमीचंद शर्मा, बाबूलाल साहू, अमरचंद मुंदड़ा, सुनील कुमार हरकूट, सुरेश नारायण, राजेन्द्र कुमार चौहान, करण सिंह, महेंद्र सिंह कानावत, इत्यादि 12 साधकों का स्वागत विष्णु प्रकाश कुमावत, प्रहलाद सोनी, प्रभु सिंह पीटीआई, सोहनलाल गहलोत, सीताराम चौहान, पुरुषोत्तम सोनी, अमृतलाल गहलोत, डॉक्टर प्रमोद पोरवाल, अशोक पबनानी, कमल लखानी, हरिप्रसाद गर्ग, प्रवीण बिजावत, सत्यनारायण विजयवर्गीय, संजय डोसी, दामोदर साहू, रमेश पालडिया, रणजीत सिंह, ओम प्रकाश बालाजी, कुंदन बिहारी शर्मा, नारायण सिंह, केदार अठावाल महिला साधिकाओं ने प्रिया शर्मा, कविता गुप्ता, सीता प्रजापति, ओमी बाई इत्यादि साथी मौजूद रहे। आखिर में पिछले कई वर्षों से चल रही योग अभ्यास करवा रहे योग गुरु आनंद कुमावत में सभी का धन्यवाद किया।

### तस्करों के खिलाफ कार्यवाही

**ब्यावर** । जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिह आईपीएस के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भुपेन्द्र शर्मा आरपीएस व सज्जनसिह वृताधिकारी वृत मसूदा के सुपरविजन मे थानाधिकारी सुरेन्द्रसिह द्वारा डोडा पोस्त तस्करो के खिलाफ कार्यवाही हेतु नाकाबन्दी कर स्वीट कार आरजे 06 सीबी 6687 का पीछा कर अन्दर छुपा कर रखे। अवैध डोडा पोस्त से भरे प्लास्टिक के कुल 02 कट्टो में कुल 40 किलो 100 ठााम डोडा पोस्त जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया। अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालो के विरूद्ध आगे भी निगरानी व सतत कार्यवाही निरन्तर मे जारी रहेगी। फरार मुलिजमो की तलाश जारी है। सुरेन्द्रसिह थानाधिकारी की पुलिस टीम में केसाराम सउनि,प्रवीणसिह एचसी,लोकेश कुमार एचसी,बलदेव कानि,हरेन्द्र कानि,सुशील कुमार,कैलाश कानि,चेतनसिंह कानि,महेन्द्र कानि,राजेश कानि आदि थे।

### डीपीडीपीए कानून के खिलाफ नया आंदोलन

**ब्यावर** । सूचना के अधिकार आंदोलन का बिगुल जिस ब्यावर की धरती से वर्ष 1990 के दशक में बजा था, आज उसी धरती से डेटा प्रोटेक्शन कानून के खिलाफ भी नई आवाज बुलंद हो रही है। सूचना के अधिकार की ऐतिहासिक यात्रा को याद करते हुए और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सहेजने के उद्देश्य से आज ब्यावर में बनने वाले 'सूचना का अधिकार संठाहालय' के अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय ने कहा कि सूचना के अधिकार आंदोलन की शुरुआत इसी ब्यावर से हुई थी और अब केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून डीपीडीपीए के खिलाफ भी आंदोलन की नई शुरुआत यहीं से होगी। इस कानून के ज़रिए सरकार ने सूचना के अधिकार कानून में जो संशोधन किए हैं, उन्हें हर हाल में वापस लिया जाना चाहिए। ये संशोधन पारदर्शिता और जवाबदेही की आत्मा पर हमला हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. पी. शाह ने अपने वक्तव्य में कहा किआरटीआई कानून ने जनता के हाथों में वह चाबी दी है जिससे सत्ता के बंद बक्से खुल सके। नया कानून इस अधिकार को कमजोर करने का प्रयास है। हमें याद रखना होगा कि सत्ता जनता की है, और हमें इस चाबी को हर हाल में अपने पास रखना होगा। ब्यावर में बन रहा यह 'सूचना का अधिकार संग्रहालय' दुनिया का पहला ऐसा प्रयास है जो जनता के संघर्षों और पारदर्शिता की विरासत को जीवित रखेगा।देश के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त वज़ाहत हबीबुल्लाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना के अधिकार ने देश में सत्ता और नागरिकों के संबंधों को बदल दिया है। पहली बार जनता शासन के केंद्र में आई। लेकिन अब सत्ता फिर से इस अधिकार को सीमित और कमजोर करना चाहती है। इसलिए मैं आज आपसे यह कहने आया हूँ कि आप क्यों नहीं इसका मुकाबला करते? यह मेरी शिकायत है। जब जनता ने इस अधिकार को जन्म दिया है, तो उसकी रक्षा की जिम्मेदारी भी जनता की ही है।

### मदनगंज में दिव्यांगों को आज स्कूटी वितरण

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। ब्लॉक कांग्रेस की ओर से अंराई में आयोज्य ब्लॉक स्तरीय बैठक में संगठन के नवसृजन व मजबूती देने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक हरियाणा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक तवंर, पीसीसी पर्यवेक्षक रमेश खंडेलवाल, किशनगढ़ विधायक डॉ. विकास चौधरी कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। बैठक से पूर्व कांग्रेस नेताओं द्वारा कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं से संवाद किया जाएगा। इसके अलावा विधायक विकास चौधरी गुलानिया पैराडाइज अंराई में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के दिव्यांगजनों को विधायक कोष से स्कूटी वितरण की जायेगी। विधायक चौधरी ने बताया कि चरणबद्ध रूप से विधानसभा क्षेत्र के समस्त दिव्यांगों को स्कूटी वितरण करने की सोच के साथ प्रथम चरण का विधिवत आगाज होगा।

### आईटी यूनियन अजमेर का स्नेह मिलन समारोह मनाया

**अजमेर** (कासं)। राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ जिला अजमेर का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह "उजास-2025" कार्यक्रम रविवार को सूचना केन्द्र सभागार में आयोजित हुआ। राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ जिला इकाई अजमेर के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि आईटी यूनियन अजमेर द्वारा स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। जिले में पदस्थापित सहायक प्रोग्रामर, सूचना सहायकों के साथ-साथ हाल ही में जिले नव पदस्थापित सूचना सहायकों का तिलक व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जविलत कर किया गया। इसी क्रम में हाल ही में पदोन्नत प्रोग्रामरों का सम्मान विशिष्ठि अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त नित्या के., अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त निदेशक देवेश बाडमेरा, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उप निदेशक भानू प्रताप सिंह गुर्जर, राजस्थान लोक सेवा आयोग के संयुक्त निदेशक योगेश कुमार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की संयुक्त निदेशक श्रुति कीर्ति गुप्ता विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर आईटी यूनियन पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, जिले में पदस्थापित सहायक प्रोग्रामर आदि मौजूद थे।

### तीरपाल के नीचे जिंदगी गुजारने को मजबूर विधवा महिला

**भीलवाड़ा**, (निसं)। इंसान के सिर पर छत होना उसकी सबसे बुनियादी ज़रूरत होती है, लेकिन कोटड़ी उपखंड क्षेत्र की मंशा ग्राम पंचायत के भीलों के झोपड़ा गांव में एक विधवा महिला अपने दो मासूम बच्चों के साथ तीरपाल के नीचे रहने को मजबूर है। भोली देवी भील के पति प्रभु भील की करीब तीन वर्ष पूर्व खान पर कंप्रेशर चलाते समय सांस की गंभीर बीमारी से मौत हो गई थी। प्रभु भील की उम्र मात्र 28 वर्ष थी। पति की मौत के बाद भोली देवी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गरीबी और असहायता के कारण वह अपने दोनों बेटों दुर्गेश (12) और मुकेश (11) के साथ जैसे-तैसे जीवन-यापन कर रही है। हालात इतने खराब हैं कि बारिश हो या तपती धूप, यह परिवार एक पतली तीरपाल के नीचे दिन-रात गुजारने को विवश है। न तो कोई पक्का घर है और न ही कोई सुरक्षित ठिकाना। भोली देवी ने कई बार प्रशासन को अपनी स्थिति से अवगत कराया, लेकिन अब तक उसे किसी भी सरकारी सहायता या आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। गांव के लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस बेसहारा परिवार को तुरंत सरकारी आवास योजना का लाभ देकर उनके सिर पर पक्की छत उपलब्ध कराई जाए। गांव वालों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस विधवा महिला व उसके मासूम बच्चों को राहत दे, ताकि उन्हें भी सुरक्षित छत और सम्मानजनक जीवन मिल सके।

# विधायक भदेल ने किया आकाश ऊर्जा सोलर सर्विस के नए कार्यालय का शुभारंभ

- पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगी, बल्कि लोगों को ऊर्जा लागत में भी कमी लाएगी : विधायक भदेल

**अजमेर** (कासं)। नसीराबाद रोड, आदर्श नगर स्थित आकाश ऊर्जा सोलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नये कार्यालय का विधिवत शुभारंभ रविवार को प्रातः 11 बजे मुख्य अतिथि अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, टाटा पावर के सीईओ सुनील कुमार शर्मा और चोयल ग्रुप के डायरेक्टर आर एस चोयल द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। आकाश ऊर्जा सोलर सर्विस के डायरेक्टर अमित गर्ग, नवीन शर्मा और पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है। । उन्होंने बताया कि कंपनी सोलर पैनल्स, सोलर इनवर्टर, बैटरी और अन्य सोलर उपकरणों की बिक्री, स्थापना और रखरखाव सेवाएं प्रदान करती है। यह कार्यालय क्षेत्र में सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और तकनीकी सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्य अतिथि विधायक अनिता भदेल ने अपने संबोधन में कंपनी की इस पहल की सराहना की और कहा कि सौर ऊर्जा भविष्य की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगी, बल्कि लोगों को ऊर्जा लागत में भी कमी लाएगी। टाटा पावर के सीईओ सुनील कुमार शर्मा ने सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम बताया। चोयल ग्रुप के डायरेक्टर आरएस चोयल ने भी कंपनी के प्रयासों की प्रशंसा की और इसे क्षेत्र के विकास के लिए सकारात्मक कदम बताया। इस अवसर पर अमित गर्ग, नवीन शर्मा व पुष्पेंद्र शर्म ने अतिथियों का माला, शाल ओड कर व मोमेंटो प्रदान की स्वागत किया। समारोह के दौरान कंपनी के कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आकाश ऊर्जा सोलर सर्विस के इस नए कार्यालय के शुरू होने से अजमेर में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी और यह क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। समारोह में पार्षद देवेंद्र सिंह शेखावत सहित कंपनी के सेल्स हेड अमित मलिक, साइट सुपरवाइजर ऋषभ, एच-सीआरएम पूजा हिरानी, रुचिता खंडेलवाल, डिजिटल मार्केटिंग हेड प्रदीप, दीपक मेघवंशी, तुषार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पर्यवेक्षक ने स्वाभिमान भोज रसोई का अवलोकन किया

- पर्यवेक्षक डॉ तंवर ने स्वाभिमान भोज रसोई में जरूरतमंदों को टोकन बाटे एवं भोजन की थाली परोस कर सेवा कार्य किया, उन्होने परोसे जाने वाले भोजन टेस्ट कर गुणवत्ता जांची।

**अजमेर** (कासं)। कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के अजमेर पर्यवेक्षक एवं पूर्व सांसद डॉं अशोक तंवर ने अजमेर संभाग के सबसे बड़े चिकित्सालय जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय परिसर में जवाहर फाउंडेशन द्वारा संचालित स्वाभिमान भोज रसोई का अवलोकन किया।

पर्यवेक्षक डॉ तंवर ने स्वाभिमान भोज रसोई में जरूरतमंदों को टोकन बाटे एवं भोजन की थाली परोस कर सेवा कार्य किया, उन्होने परोसे जाने वाले भोजन टेस्ट कर गुणवत्ता जांची।

जवाहर फाउंडेशन अजमेर के प्रभारी शिव कुमार बंसल ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं स्वाभिमान भोज रसोई के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी बंसल ने बताया कि जवाहर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं उद्योगपति रिजु झुनझुनवाला द्वारा संचालित स्वाभिमान भोज रसोई में 22 फरवरी 2025 से लेकर आज तक जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के परिजनों,आउटडोर में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों और जरूरतमंदों को एक रुपए में भरपेट खाना उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वाभिमान भोज रसोई में अभी तक जरूरतमंदों को एक लाख से अधिक थालियां परोसी जा चुकी है।

पर्यवेक्षक डॉ तंवर ने जवाहर फाउंडेशन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि की पीडित मानव से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं है।

इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश कुमार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल प्रवक्ता सुमेर सिंह चारण महेश चौहान राकेश शर्मा मनीष अग्रवाल हेमराज सिसोदिया सहित जवाहर फाउंडेशन के कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### हमले की साजिश का पर्दाफाश

**भीलवाड़ा**, (निसं)। कांग्रेस नेता और पूर्व सरपंच हरफूल जाट पर हमले की साजिश का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मास्टरमाइंड अक्षय समेत चार अन्य को गिरफ्तार कर लिया। हरफूल जाट और अन्य साथियों ने मिलकर बारिश के दिनों में अक्षय के पिता बीजेपी नेता एवं हलेड सरपंच पति के साथ मारपीट कर दी थी। इस वारदात के लिए हरफूल जाट को पुलिस ने गिरफ्तार करके कानूनी कार्रवाई को अंजाम दिया लेकिन कुछ दिनों बाद ही हरफूल जाट जमानत पर जेल से बाहर आ गया। अक्षय की इंतकाम की आग भभक रही थी। वह इसी फिराक में था उसके पिता के साथ हुए मारपीट का बदला उसे हर हालत में लेना है। प्लानिंग तो वह काफी दिनों पहले ही कर चुका था लेकिन हरफूल जाट उसे अकेला नहीं मिल रहा था। शनिवार शाम उसे पता चला कि हरफूल जाट मार्केट में ही है।

# पीड़ित मानव की सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य : तंवर

- सब मिलकर संगठन सर्जन अभियान को बनाए सफल
- देशभर में राहुल गांधी कर रहे डेमोक्रेसी को मजबूत : राठौड़

**अजमेर,** (कासं)। पंचशील नगर स्थित होटल ब्राविया में रविवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अशोक तंवर के मुख्य आतिथ्य तथा आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के सानिध्य में कांग्रेस कमेटी अजमेर उत्तर ब्लॉक बी की ओर से संगठन सृजन अभियान की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त जोश दिखाया।

मुख्य अतिथि एआईसीसी पर्यवेक्षक अशोक तंवर, पीसीसी उपाध्यक्ष व पर्यवेक्षक रमेश खंडेलवाल, पीसीसी सचिव व पर्यवेक्षक ललित बोरीवाल के आतिथ्य में आयोजित बैठक में एक अहम प्रस्ताव पारित किया कि आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ अजमेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए जो भी नाम प्रस्तावित करें उन्हीं में से अजमेर अध्यक्ष की कमान सौंपी जाए, जिस पर मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हाथ खड़े कर एक सुर में अपनी सहमति प्रदान की। बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि एआईसीसी पर्यवेक्षक अशोक तंवर ने कहा लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर देश भर में संगठन सृजन अभियान चल रहा है। अजमेर में भी अभियान जारी है और शहर और वे जिले की विधानसभा में ब्लॉक स्तर पर बैठक ले रहे है। इसके लिए सारी प्रक्रिया गहनता के साथ कर रहे है। सभी मिलकर इस संगठन सृजन अभियान को सफल बनाए, उन्होंने भाजपा पर हमला बोते कहा कि भाजपा की सरकार ने कुछ नहीं किया। केवल जनता को गुमराह करने का काम किया है। बैठक को संबोधित करते पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी देश में एक ऐसे नेता हैं जो डेमोक्रेसी को मजबूत कर रहे है। बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और ताकत दिखाई। संगठन सृजन अभियान की आयोजित बैठक में मंच पर बैठे एआईसीसी पर्यवेक्षक मुख्य अतिथि अशोक तंवर, पीसीसी उपाध्यक्ष व पर्यवेक्षक रमेश खंडेलवाल, ललित बोरीवाल, बोरीवाल, पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक डॉक्टर राजुकमार जयपाल, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, पूर्व विधायक डाक्टर श्रीगोपाल बाहेती, वरिष्ठ नेता राजेश टंडन, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, प्रदेश कांग्रेस सचिव कैलाश झालीवाल, शहर महासचिव पार्षद नोरत गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद आदि ने संबोधित किया और अभियान को सफल बनाने की बात कही।

बैठक के अंत में शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष कुलदीप कपूर व पूर्व पार्षद मनवर खान कायमखानी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजंलि अर्पित की गई।

### संघर्ष जारी रहेगा

**मदनगंज-किशनगढ**,(निस)। कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास राष्ट्रीय संगठन मंत्री सच्चिदानंद महाराज ने कहा की जब तक मथुरा में कृष्ण मंदिर नहीं बन जाता तब तक संघर्ष जारी रहेगा। महाराज के किशनगढ पहुंचने पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी व भाजपा नेता सूर्यप्रकाश शर्मा ने परम्परागत रूप से स्वागत अभिनंदन किया।

### मानसरोवर झील की सफाई करवाने की मांग

**भीलवाड़ा।** पिपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू एवं नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल को पत्र लिखकर मानसरोवर झील की तत्काल सफाई करवाकर उसे गंदगी मुक्त करने की मांग की है। जाजू ने बताया कि पूरी मानसरोवर झील में पानी के उपर कांजी जमी हुई है एवं गंदगी फैली हुई है। चारों ओर तालाब की पाल भी गंदगी एवं झाड़ियों से अटी पड़ी है, जिससे भ्रमणार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाजू ने तत्काल मानसरोवर झील में उगी झाड़ियों को हटवाने एवं झील की संपूर्ण सफाई करवाने की मांग की है। जाजू ने पत्र में यह भी मांग की है कि झील में जाने वाले गंदे नालों को डाइवर्ट करें एवं पानी की नियमित रूप से सफाई के लिए ईटीपी प्लांट लगाएं तथा मानसरोवर झील के पर्यटन की दृश्टि से विकास की योजना को जल्दी से जल्दी मूर्तरूप देकर भीलवाड़ावासियों के लिए झील में नौकाविहार शुरू करवाएं। उल्लेखनीय है कि मानसरोवर झील पर प्रतिदिन प्रातः एवं सायं सैकड़ों लोग भ्रमण हेतु आते हैं।

# डीपीडीपीए कानून के खिलाफ नया आंदोलन : अरुणा रॉय

**ब्यावर** (निसं)सूचना के अधिकार आंदोलन का बिगुल जिस ब्यावर की धरती से वर्ष 1990 के दशक में बजा था, आज उसी धरती से डेटा प्रोटेक्शन कानून के खिलाफ भी नई आवाज बुलंद हो रही है। सूचना के अधिकार की ऐतिहासिक यात्रा को याद करते हुए और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सहेजने के उद्देश्य से आज ब्यावर में बनने वाले 'सूचना का अधिकार संग्रहालय' के अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय ने कहा कि सूचना के अधिकार आंदोलन की शुरुआत इसी ब्यावर से हुई थी और अब केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून डीपीडीपीए के खिलाफ भी आंदोलन की नई शुरुआत यहीं से होगी। इस कानून के ज़रिए सरकार ने सूचना के अधिकार कानून में जो संशोधन किए हैं, उन्हें हर हाल में वापस लिया जाना चाहिए। ये संशोधन पारदर्शिता और जवाबदेही की आत्मा पर हमला हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. पी. शाह ने अपने वक्तव्य में कहा किआरटीआई कानून ने जनता के हाथों में वह चाबी दी है जिससे सत्ता के बंद बक्से खुल सके। यह कानून संसद की देन नहीं, बल्कि जनता के संघर्ष से जन्मा है - मजदूरों, किसानों और नागरिकों की मांग से। लेकिन आज सरकारें इस बक्से को फिर से बंद करना चाहती हैं। नया कानून इस अधिकार को कमजोर करने का प्रयास है। हमें याद रखना होगा कि सत्ता जनता की है, और हमें इस चाबी को हर हाल में अपने पास रखना होगा। ब्यावर में बन रहा यह 'सूचना का अधिकार संठाहालय' दुनिया का पहला ऐसा प्रयास है जो जनता के संघर्षों और पारदर्शिता की विरासत को जीवित रखेगा।देश के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त वज़ाहत हबीबुल्लाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना के अधिकार ने देश में सत्ता और नागरिकों के संबंधों को बदल दिया है। पहली बार जनता शासन के केंद्र में आई। लेकिन अब सत्ता फिर से इस अधिकार को सीमित और कमजोर करना चाहती है। इसलिए मैं आज आपसे यह कहने आया हूँ कि आप क्यों नहीं इसका मुकाबला करते? यह मेरी शिकायत है। जब जनता ने इस अधिकार को जन्म दिया है, तो उसकी रक्षा की जिम्मेदारी भी जनता की ही है।मजदूर किसान शक्ति संगठन के साथी निखिल डे ने कहा कि हम पारदर्शिता के लिए लंबी लड़ाई लड़कर सूचना का अधिकार लेकर आए हैं। अब हम लंबे समय से जवाबदेही कानून की मांग कर रहे हैं और उसके लिए राजस्थान राज्य में एक दशक से आंदोलन जारी है। लेकिन आज तक जवाबदेही कानून नहीं लाया गया है। हम हर हालत में सत्ता प्रतिष्ठान से जवाबदेही लेकर रहेंगे। निरंतर के संपादक राम प्रसाद कुमावत ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून भले बन गया हो, लेकिन इसे ज़िंदा और प्रभावी बनाए रखने के लिए हमें हमेशा सतर्क और जागरूक रहना होगा। कोई भी सरकार यह पसंद नहीं करती कि जनता उससे सवाल पूछे, इसलिए ऐसे अधिकारों की रक्षा जनता की सतर्कता और संघर्ष पर निर्भर करती है। ब्यावर को 'आरटीआई सिटी' के रूप में पहचान दिलाने का यह सही समय है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने पत्रों, बिलों और दस्तावेज़ों पर 'आरटीआई सिटी ब्यावर ' लिखकर इस पहचान को मजबूत करें।

## सार-समाचार

### 'सच को उजागर करना ही पत्रकारिता'

**अजमेर** । गांधी के समय पत्रकारिता को चुनौतियां भयानक थीं किंतु गांधी ने निडरता से उसका सामना किया।सच्ची पत्रकारिता का अर्थ ही बिना किसी दबाव और डर के सच को सामने लाना है।ये विचार सुप्रसिद्ध पत्रकार तथा गांधीवादी विचारक राजेश बादल ने व्यक्त किए। गांधी महोत्सव समिति और अजयमेरु प्रेस क्लब द्वारा आयोजित व्याख्यान में बोलते हुए बादल ने कहा कि भारत में पत्रकारिता का स्वर्णिम इतिहास रहा है और इसे समृद्ध बनाने में महात्मा गांधी का महत्वपूर्ण रहा है। राज्यसभा टीवी के पूर्व सम्पादक रहे राजेश बादल ने गांधी की पत्रकारिता और आज का दौर विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में इंडियन ओपिनियन अखबार निकाला। भारत में यंग इंडिया, नवजीवन और हरिजन आदि अनेक समाचार पत्र निकाले। उनके लेखन से ब्रिटिश राज्य की नैतिक सत्ता घबराती थी। बादल ने आज के पत्रकारों से आव्हान किया कि वे वक्त के खतरों को समझे और उन्हें उजागर करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि साहित्यकार पराग मांदले ने कहा कि गांधी की पत्रकारिता से हमें निरंतर सीखना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए डी एल त्रिपाठी ने कहा कि प्रेम, करुणा, सौहार्द और बंधुत्व की पूरी दुनिया को आवश्यकता है। गांधी का यह संदेश विश्व में शांति ला सकता है। व्याख्यान के प्रारंभ में क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ रमेश अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। अंत में प्रताप सिंह सनकत ने आभार ज्ञापित किया। संचालन डॉ अनंत भटनागर ने किया। कार्यक्रम में सत्यकिशोर सक्सेना, एम एल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मोहन चेलानी, राजकुमार नाहर, सुरेश सिंधी, अनिल जैन, रासबिहारी गौड़, शेफाली मार्टिंस आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अग्रवाल के अध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत

**भीलवाड़ा**। जिला यूनेस्को एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा पूर्व पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल को जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष बनाये जाने के उपलक्ष्य में सभी सदस्यों ने नेहरू रोड स्थित कार्यालय पर उनका हार्दिक अभिनन्दन, स्वागत-सम्मान किया। जिला यूनेस्को एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष चेतन मानसिंहका व कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन के नेतृत्व में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक व सम्मान समारोह में अग्रवाल को सदस्यों द्वारा माला व मेवाडी पगड़ी पहनाकर उनका विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के स्टेट कार्डिनेटर गोपाल लाल माली ने कहा कि किसी भी संस्था में पद पाने का लक्ष्य केवल किसी संस्थान में उच्च पदों पर आसीन हो जाना नहीं है एक श्रेष्ठ समाज व संस्था की रचना में सक्रिय भूमिका निभाना उद्देश्य होना चाहिए। इंसानियत, दया, भलाई, सहायता व सहयोग सेवा जैसे कार्य संस्थान के निर्माण का मूल आधार है। ऐसे कार्य करने वाले इंसान ही समाज व संस्था के निर्माण करने वाले होते है तथा संस्थान को एकत्रित भी रखते है। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने क्लब के सदस्यों को विश्वास दिलाया कि सामाजिक सरोकार के कार्यों में किसी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी और क्लब की जिला कार्यकारिणी भी अतिशीघ्र गठित कर दी जायेगी। बैठक में यूनेस्को के वरिष्ठजन विद्यासागर सुराणा, जिला सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा, संगठन सचिव कमलेश जाजू, कोषाध्यक्ष विशाल विजयवर्गीय, सह कोषाध्यक्ष हरनारायण माली, प्रवक्ता मधु लोढा, निदेशक रामचन्द्र मून्दड़ा, डॉ. शांति लाल छापरवाल, विजयशंकर शर्मा, रोशन गढ़वाल, राजेश जीनगर, राधा अग्रवाल, पुष्पा सुराणा, संजय औदिच्य सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### छात्रों ने प्रतियोगिता में पूरा दमखम लगाया

**ब्यावर** (निसं) श्री चिम्मनसिंह लोढ़ा नूतन उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं श्री टी. सी. लोढ़ा शिक्षा मंदिर में तीन दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाला प्रधान के एल जूनवाल ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने 100, 200 मीटर दौड, कुर्सी दौड़, हैंकी स्नेचिंग, बैडमिंटन, चेस, कैरम, एकाभिनय, कविता पाठ, फ्रागरेस, एकल व समूह नृत्य, वादविवाद, एकल व समूह गान प्रतियोगिता मे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। सचिव रविन्द्र लोढ़ा ने सभी के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए शेष बचे छात्रों एवं छात्राओं से भी इसी प्रकार प्रतियोगिताओ में भाग लेकर अपना व्यक्तित्व निखारने एव उज्जवल भविष्य की आधार शिला रखने का आव्हान किया। कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन करते हुए शिक्षिका निर्मला इसरानी ने बताया कि में उपस्थित अभिभावको ने अन्य कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की भरपूर सराहना करते हुए विद्यालय स्टाफ की सराहना की और छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। श्री अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा सभापति संदीप काबरा का ब्यावर आगमन पर भाव भरा स्वागत किया गया। अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू ने राजस्थानी साफा पहना करअभिनंदन किया। काबरा ने आगामी 9 से 11 जनवरी को जोधपुर में होने वाले माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। समाज बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जानकारी दी कि अधिवेशन में पूरे देश से 13 अन्य देश से माहेश्वरी समाज बंधुओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। इस कार्यक्रम में 750 स्टाल लगेगी और देश भर से सभी व्यापारी, समाज बंधु अपने उत्पाद और सेवाओं को प्रदर्शन करेंगे जिससे सभी समाज बंधु लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संदीप मूंदडा, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ श्री एल एन बल्दुआ, सेवा सदन पुष्कर के उपाध्यक्ष जय किशन बल्दुआ आदि मौजूद थे । के साथ माहेश्वरी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री मनीष दरक ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### सच्चिदानंद महाराज किशनगढ़ पहुंचे

**मदनगंज-किशनगढ़**, (निसं)। कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास राष्ट्रीय संगठन मंत्री सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि जब तक मथुरा में कृष्ण मंदिर नहीं बन जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। महाराज के किशनगढ़ पहुंचने पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी व भाजपा नेता सूर्यप्रकाश शर्मा ने परम्परागत रूप से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मथुरा में कृष्ण मंदिर बनाने के लिये देश भर में भ्रमण कर रहे हैं। साथ ही संगठन के विस्तार को लेकर रायसुमारी की जा रही है। महाराज ने मंदिर के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कैलाश रावत, नंदकिशोर वैष्णव, गजेंद्र साहू, जीतु जोशी, अभिषेक छीपा, राकेश यादव, घनश्याम सिंह, साहिल अग्राल, मनीष शर्मा आदि ने महाराज का स्वागत किया।

### पुलिस की गिरफ्त में आरोपित

**डीडवाना**, (निसं)। जिले में बच्चों की आंखों की सेहत को लेकर जिला प्रशासन ने एक नई पहल शुरू की है। कलेक्टर महेंद्र खड़गावत की पहल पर "सेफ आई-सेफ फ्यूचर अभियान" का शुभारंभ हुआ, जिसके तहत स्कूलों में विद्यार्थियों की आंखों की जांच कराई जाएगी, ताकि किसी भी बच्चे की पढ़ाई दृष्टि दोष के कारण प्रभावित न हो। डीडवाना जिला प्रशासन के नवाचार "सेफ आई-सेफ फ्यूचर अभियान" का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉक्टर महेंद्र खड़गावत ने किया। इस अवसर पर एडीएम मोहनलाल, सीएमएचओ डॉक्टर नरेंद्र चौधरी सहित जिलेभर के एसडीएम और कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ख़डगावत ने बताया कि बढ़ते मोबाइल उपयोग और स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों की दृष्टि कमजोर हो रही है और अक्सर परिवारों को इसकी जानकारी भी नहीं होती। इसी समस्या को देखते हुए प्रशासन ने यह व्यापक अभियान शुरू किया है, ताकि हर बच्चे की आँखों की जांच हो सके और जरूरत पड़ने पर उन्हें निशुल्क चश्मे दिए जा सके। उन्होंने कहा कि आज बच्चों में मोबाइल फोन का उपयोग काफी बढ़ गया है, जिससे उनकी आँखों पर असर पड़ रहा है। कई बार बच्चों और उनके परिजनों को इसकी जानकारी नहीं होती, और पढ़ाई पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। हमने 'सेफ आई, सेफ फ्यूचर' अभियान इसलिए शुरू किया है ताकि हर बच्चे की आंखों की जांच हो सके और जिनकी दृष्टि कमजोर है। उन्हें निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराये जा सकें। अभियान के तहत जिले के करीब साढ़े तीन लाख विद्यार्थियों की आंखों की जांच की जाएगी। इसके लिए चिकित्सा विभाग की टीमें गठित कर दी गई है, जो ब्लॉकवार विद्यालयों में जाकर जांच करेंगी। जिन विद्यार्थियों की आँखें कमजोर पाई जाएंगी, उन्हें संबंधित अस्पताल में विस्तृत जांच के लिए भेजा जाएगा और भामाशाह योजना के तहत उन्हें निशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे। सीएमएचओ डॉक्टर नरेंद्र चौधरी ने बताया कि फिलहाल यह अभियान सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए शुरू किया गया है, लेकिन इच्छुक निजी विद्यालय भी इसमें शामिल हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर की इस पहल के तहत हमने जिलेभर में मेडिकल टीमों का गठन कर दिया है।